# राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओटीएस पुलिया के सामने, जयपुर–302017
दूरभाष : 0141–5192265, 5192261 E-mail: modelschools.rcse@gmail.com

RCSE


क्रमांक : रामाशिप / जय / मॉडल स्कूल / प्रवेश प्रक्रिया–170 / 641 दिनांक : 03/02/017

जिला शिक्षा अधिकारी (मा.शि.) एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान,
समस्त संबंधित जिले

**विषयः– स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के सत्र 2017–18 में "प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ" करने के संबंध में निर्देश।**

**संदर्भ :– राज्य सरकार शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग के पत्र क्रमांक प. 4 (15) शिक्षा–1 / मॉडल स्कूल / 2008 पार्ट जयपुर दिनांक 23.02.15 एवं समसंख्यक पत्र दिनांक 30.06.15 ।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में आपके जिले में संचालित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के सत्र 2017–18 में कक्षा 6 से 9 में रिक्त सीटों के विरूद्ध प्रवेश हेतु राजस्थान सरकार द्वारा जारी संदर्भित प्रवेश नीति अनुसार प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है। इस हेतु राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् के स्तर से निम्नानुसार कलैण्डर निर्धारित किया जाता है :–

A. **कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों हेतु "प्रवेश कलैण्डर"**
1. समाचार पत्रों / इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से विज्ञप्ति जारी किया जाना एवं प्रवेश हेतु व्यापक प्रचार प्रसार–फरवरी, 2017 का दूसरा सप्ताह।
2. प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया पूर्ण करना–01 से 08 मार्च, 17
3. चयनित आवेदकों की सूची का निर्धारण–14 मार्च, 2017
4. प्रवेश हेतु चयनित आवेदकों की सूची जारी किया जना–20 मार्च, 2017
5. चयनित आवेदकों से प्रवेश फार्म भराया जाना–27 मार्च, 2017
6. कक्षा 6 से 8 का संचालन प्रारंभ किया जाना–01 अप्रैल, 2017

B. **कक्षा 9 के विद्यार्थियों हेतु "प्रवेश कलैण्डर"**
1. प्रवेश परीक्षा तिथि के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विज्ञप्ति जारी किया जाना–फरवरी, 17 का दूसरा सप्ताह (कक्षा 6 से 8 की विज्ञप्ति के साथ एक ही विज्ञप्ति में प्रकाशित करावें।)
2. प्रवेश परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र तैयार करवाना–08 मार्च, 2017
3. प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किया जाना–01 से 08 मार्च, 17
4. प्रश्न पत्रों का मुद्रण प्रकाशन एवं वितरण–17 मार्च, 17
5. प्रवेश परीक्षा का आयोजन–21 मार्च, 17
6. परीक्षा परिणाम घोषित किया जाना–30 मार्च, 17
7. चयनित आवेदकों की सूची जारी किया जाना–31 मार्च, 17

इस क्रम में कक्षा 9 में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के बारे में स्पष्ट किया जाता है कि मा. शि. बोर्ड द्वारा आयोजित 8वीं की "प्रारंम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र" परीक्षा का परिणाम आने के 07 दिवस के भीतर कक्षा 9 के प्रवेश की समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर नव प्रवेशी

विद्यार्थियों हेतु अंतिम सूची जारी कर प्रवेश दिये जावें। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में पहले से 8वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नियमानुसार कक्षा 9 में प्रवेश देकर 01 अप्रैल, 2017 से विद्यालय की समस्त कक्षाओं का शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ किया जावे।

कक्षा 10 में सीबीएसई नियमानुसार प्रवेश दिया जावे।

प्रथम चरण के 66 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में कक्षा 11 की प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित निर्देश व प्रवेश फार्म पृथक से जारी किये जा रहे हैं।

(जस्साराम चौधरी)
**अति. राज्य परियोजना निदेशक**
राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
जयपुर।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप, जयपुर।
2. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप, जयपुर।
3. उपायुक्त—द्वितीय, रामाशिप, जयपुर।
4. कार्यवाहक संस्थाप्रधान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जिले।
5. अति. जिला परियोजना समन्वयक, रामाशिअ, समस्त संबंधित जिले।
6. संस्थाप्रधान, स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल, संबंधित 134 ब्लॉक्स।
7. रक्षित पत्रावली।

**अति. राज्य परियोजना निदेशक**